पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/1078 / 2024

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांकः— 12 / 11 / 2024

विषयः— इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले नियमित, स्वतंत्र तथा क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों का उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के कार्यक्रमानुसार दिनांक 13.11.2024 एवं 15.11.2024 को आयोजित होने वाली विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा क्रमशः दिनांक 23.11.2024 एवं 25.11.2024 को आयोजित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के छात्र/छात्राओं का उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के अन्तर्गत दिनांक 13.11.2024 एवं दिनांक 15.11.2024 को आयोजित होने वाली विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा अपरिहार्य कारणों से अब क्रमशः दिनांक 23.11.2024 एवं दिनांक 25.11.2024 को ली जाएगी। तदनुसार केवल दिनांक 13.11.2024 एवं दिनांक 15.11.2024 के विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम निम्नवत् हैः—

Date of Examination	Faculty	1st Sitting (9:30 AM to 12:45 PM) ("Cool off" time-09:30 AM to 09:45 AM)		Faculty	2nd Sitting (02.00 PM to 5:15 PM) ("Cool off" time-02:00 PM to 02:15 PM)	
23-11-2024 (Saturday)	I.Sc	105- English 124- English	उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–1** के अन्तर्गत भाषा विषय अथवा अतिरिक्त विषय के रूप में चयन किया गया है।	I.Sc.	106- Hindi, 107- Urdu, 108- Maithili, 109- Sanskrit, 110- Prakrit, 111- Magahi, 112- Bhojpuri, 113- Arabic, 114- Persian, 115- Pali, 116- Bangla	उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा **विषय समूह–2** के अन्तर्गत किसी एक भाषा विषय का चयन किया गया है।
	I.Com	205- English 223- English		I.Com	206- Hindi, 207- Urdu, 208- Maithili, 209- Sanskrit, 210- Prakrit, 211- Magahi, 212- Bhojpuri, 213- Arabic, 214- Persian, 215- Pali, 216- Bangla	
	I.A.	305- English 330- English		I.A.	306- Hindi, 307- Urdu, 308- Maithili, 309- Sanskrit, 310- Prakrit, 311- Magahi, 312- Bhojpuri, 313- Arabic, 314- Persian, 315- Pali, 316- Bangla	
	Voc.	403- English		Voc.	401- Hindi, 503- Urdu, 504- Maithili, 505- Sanskrit, 506- Prakrit, 507- Magahi, 508- Bhojpuri, 509- Arabic, 510- Persian, 511- Pali, 512- Bangla	
25-11-2024 (Monday)	I.Sc	120- Agriculture		I.A.	324- Psychology	
	I.A.	326- Economics				
	I.Com	219-Economics				

2. राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान से उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम तैयार कराना सुनिश्चित करेंगे। उपर्युक्त आलोक में समिति द्वारा अलग से विज्ञप्ति प्रसारित की जा रही है।

3. अतः अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान को उत्प्रेषण (Sent-up)/जाँच परीक्षा के अन्तर्गत **दिनांक 13.11.2024 एवं दिनांक 15.11.2024** को आयोजित होने वाली विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा अपरिहार्य कारणों से अब क्रमशः दिनांक 23.11.2024 एवं दिनांक 25.11.2024 को कराने के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं पत्र के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा करेंगे।

कृपया इसे अति महत्वपूर्ण समझा जाय।

विश्वासभाजन

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : BSEB/(SS)/KEN/---1078---/2024 पटना, दिनांक : 12 / 11 / 2023

प्रतिलिपिः 1. सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. उप निदेशक, आई०टी०/सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस पत्र की प्रति B.S.E.B. Mobile App एवं समिति के वेबसाइट पर डाल दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार इसकी सूचना राज्य के सभी +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों को ई-मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तदनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

3. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई०टी० तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

12.11.24

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

12.11.24

12/11/24